मेरे खाटू वाले श्याम बना दो बिगड़ी मेरी

मेरे खाटू वाले श्याम बना दो बिगड़ी मेरी,
मेरे लीले वाले श्याम बना दो बिगड़ी मेरी.....

अर्ज़ी हमारी मर्ज़ी तुम्हारी,
मैं तो जपती आठों धाम बना दो बिगड़ी मेरी,
मेरे खाटू वाले श्याम.....

जग की सताई हूँ तेरे दर आयी हूँ,
मेरी विनती है बारम्बार बना दो बिगड़ी मेरी,
मेरे खाटू वाले श्याम.....

हमने सुना है बिगड़ी को बनाते,
सब भक्तों को पार लगाते,
मेरी विनती सुनलो आज बना दो बिगड़ी मेरी,
मेरे खाटू वाले श्याम.....

हमने सुना है हारे के सहारे,
इस दुनिया से हम भी हारे,
मेरा ले लो हाथ में हाथ बना दो बिगड़ी मेरी,
मेरे खाटू वाले श्याम.....

बीच भँवर में नैया हमारी,
सब भक्तों के तुम हितकारी,
मेरी नैया लगा दो पार बना दो बिगड़ी मेरी,
मेरे ख़ातिर वाले श्याम बना दो बिगड़ी मेरी,
मेरे लीले वाले श्याम बना दो बिगड़ी मेरी.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30948/title/mere-khatu-wale-shyam-bana-do-bigdi-meri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |